# गुरुग्राम में INS अरावली का कमीशन

**स्रोत: PIB**

INS अरावली, भारतीय नौसेना का नवीनतम नौसैनिक बेस, **गुरुग्राम में कमीशन** किया गया ताकि **समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA) क्षमता** को सशक्त किया जा सके।

## INS अरावली

- INS अरावली, अपने नाम की प्रेरणा अडिग **अरावली पर्वतमाला** से प्राप्त करता है।
- यह नौसेना की **सूचना और संचार अवसंरचना** को दृढ़ करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। यह केवल तकनीकी केंद्र ही नहीं बल्कि **महासागर (MAHASAGAR) के सहयोगी दृष्टिकोण** का भी केंद्र होगा।
- नौसेना बेस का **आदर्श वाक्य** है: **'सामुद्रिकसुरक्षायाः सहयोगं' या 'सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा'** (Maritime Security through Collaboration)।
- यह भारतीय नौसेना के विभिन्न **सूचना और संचार केंद्रों** की सहायता करेगा तथा भारत के **कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन एवं समुद्री डोमेन जागरूकता (Maritime Domain Awareness- MDA) ढाँचे** को सुदृढ़ बनाएगा।
- साथ ही यह भारत की स्थिति को **भारतीय महासागर क्षेत्र में प्रमुख सुरक्षा साझेदार** के रूप में सुदृढ़ करेगा।

**और पढ़ें: समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देगा सूचना संलयन केंद्र**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ins-aravali-commissioned-in-gurugram